चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

संदर्भ : सीक्रेसी/S-11
दिनांक : 08.06.2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्राधीक्षक/नोडल अधिकारी,
मुख्य वार्षिक परीक्षा–2023 से सम्बद्ध
समस्त नोडल/परीक्षा केन्द्र,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय : मुख्य वार्षिक परीक्षा–2023 (संस्थागत एवं व्यक्तिगत) व भूतपूर्व छात्र एवं बैक पेपर परीक्षा–2022 की परीक्षाओं (वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित) के अन्तर्गत बी0ए0 द्वितीय वर्ष शारीरिक शिक्षा (Physical Education) विषय कोड A-285 की दिनांक 10.06.2023 को पुनः आयोजित होने वाली परीक्षा के सम्बन्ध में विशेष निर्देश।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में संज्ञान में लाना है कि इस प्रश्न–पत्र पत्र हेतु पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथि 20.05.2023 को एक परीक्षा केन्द्र द्वारा परीक्षा आयोजित कराये जाने की सूचना विलम्ब से प्राप्त होने के कारण, विश्वविद्यालय द्वारा उक्त परीक्षा केन्द्र की परीक्षा को छोड़कर, अन्य सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए पूर्व में प्रेषित प्रश्न–पत्र को रद्द कर दिया गया तथा दिनांक 01.06.2023 को उक्त कोड के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा को अग्रिम परीक्षा तिथि घोषित किये जाने तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। संज्ञान में आया है कि कुछ परीक्षा केन्द्रों ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित सूचना के साथ सामंजस्य न बैठने के कारण दिनांक 01.06.2023 को भी परीक्षा आयोजित करा दी गई।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में पुनः स्मरण कराना है कि इस प्रश्न–पत्र की दिनांक 01.06.2023 को आयोजित परीक्षा को अमान्य किया गया है। अतः नवीन परीक्षा तिथि 10.06.2023 (द्वितीय पॉली) को नवीन प्रेषित प्रश्न–पत्र अब जिसका कैच संख्या **RE-5040A** प्रश्न–पत्र कोड A-285 है से ही परीक्षा आयोजित करना सुनिश्चित करें और अपने स्तर से सम्बन्धित परीक्षार्थियों को सूचित करने का भी कष्ट करें।

सदैव की भांति सहयोग की अपेक्षाओं के साथ प्रेषित
असुविधा के लिए खेद है।

भवदीय,
08/06/2023
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि 1. उप–कुलसचिव (गोपनीय)/प्रभारी (उ0पु0) को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त का संज्ञान लेते हुए प्रश्न–पत्र कोड A-285 की प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

2. प्रो० प्रशान्त कुमार (वि० वि० प्रेस प्रवक्ता) को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृ० उक्त सूचना छात्र/छात्राओं के हित में निःशुल्क कल दि० 09-06-2023 को समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

08/06/2023
परीक्षा नियंत्रक